सार-समाचार

होली पर्व को ईको फ्रेंडली मनाए जाने की शपथ दिलाई

बीदासर (निसं)। कस्बे के राधाकृष्ण हवेली में मंगलवार को ई स्मार्ट कार्यक्रम में अणुव्रत समिति बीदासर द्वारा अणुव्रत कलेंडर एवं डायरी वितरण कर होली पर्व को ईको फ्रेंडली रूप में मनाएं जाने की अपील की गई। समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कि बीदासर उपखंड स्तर पर ई-स्मार्ट कार्यक्रम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग चुरू की उपनिदेशिका (एसीपी) विनोद कुमारी, मेंटोर जमील, एसीबीईओ द्वितीय चरण सिंह घोटड के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान संपूर्ण बीदासर तहसील से चयनित 20 राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 400 छात्र- छात्राओं सहित 20 अध्यापक प्रतिनिधि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग बीदासर के प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर, सूचना सहायक, अणुव्रत समिति बीदासर के अध्यक्ष दानमल बांठिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को समिति मंत्री नवल किशोर मीणा द्वारा होली पर्व को ईको फ्रेंडली मनाए जाने की शपथ दिलवाकर अणुव्रत पत्रिका एवं अणुव्रत क्रिटिविटी कॉन्टेक्स्ट 2026 के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सभी से अणुव्रत पत्रिका के सदस्य बनने एवं विद्यार्थियों से एसीसी 2026 में सहभागिता निभाने की अपील कर उपस्थित सभी अतिथियों को अणुव्रत कलेंडर एवं डायरी भेंट कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार द्वारा स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशीप एवं आईसीएनए ग्रांट जिसमें पुरूष फांउडर को 24 लाख रूपये व महिला फांउडर को तीन लाख रूपये तक की ग्रांट की सुविधा एवं क्यूरेट के आधार पर 60 लाख रूपये तक की बाइबिलिटी ग्रांट के बारे में कॉडिनेटर ने जानकारी दी। कार्यक्रम में सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग के प्रोग्रामर सुनील कुमार, सहायक प्रोग्रामर गणेशाराम सारण, जितेंद्र, श्रीराम साहू, प्रकाश कांटिवाल सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

निजी बस संचालकों की हड़ताल, रतनगढ़ में यात्रियों की बढ़ी परेशानी

रतनगढ़ (निसं)। प्रदेशव्यापी निजी बस संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर आज रतनगढ़ क्षेत्र में देखने को मिला। सोमवार देर रात 12 बजे से शुरू हुई इस हड़ताल के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ और हज़ारों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। निजी बस ऑपरेटरों के आव्हान पर प्रदेश भर में करीब 35,000 बसों के पहिए थम गए, जिससे परिवहन व्यवस्था चरमरा गई। रतनगढ़ बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। निजी बसों के संचालन पूरी तरह बंद रहने के कारण यात्रियों को सरकारी रोडवेज बसों पर निर्भर रहना पडा। सीमित संख्या में चल रही रोडवेज बसों में क्षमता से अधिक भीड देखी गई। हालात ऐसे बने कि कई यात्रियों को पायदान पर लटककर सफर करना पड़ा, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। दूर-दराज के गांवों और अन्य शहरों की ओर जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। विशेषकर महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे परिवार चिलचिलाती धूप में घंटों बसों का इंतजार करते नजर आए। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें आवश्यक कार्यों-जैसे अस्पताल, परीक्षा, नौकरी या पारिवारिक कार्यक्रम-के लिए समय पर पहुंचने में कठिनाई हो रही है। निजी बस संचालकों का कहना है कि उनकी विभिन्न लंबित मांगों पर सरकार द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उनका आरोप है कि बार-बार ज्ञापन देने और वार्ता की मांग के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पडा। संचालकों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

श्यामप्रभु को निशान अर्पित किये

सीकर, (निसं)। श्रीश्यामबाबा भजन समिति की ओर से श्यामप्रभु को सैकड़ों निशान अर्पित किये गये। निशान अर्पण के बाद श्याम तोरणद्वार पर रंग लगाकर व नाच गाकर रंगोत्सव मनाया गया। सीकर से खाटूश्यामजी पहुंचे श्रद्धालुओं ने समिति के संस्थापक सचिव रामगोपाल गोपी की अगुवाई में मंढा से निशान उठाये व सारे रास्ते भजनों और श्यामबाबा के जयकारे लगाते हुए वे तोरणद्वार पहुंचे। वहां बाबा की ज्योत ली गई व बाद में पंक्तिबद्ध होकर मंदिर पहुंचे। वहां सभी ने निशान अर्पित कर श्यामभक्त रामगोपाल गोपी के हाथों बाबा के समक्ष अपनी अपनी अर्जी लगवाई। श्याम मंदिर में समिति की ओर से रामगोपाल गोपी का मोरपंख से सुशोभित प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। श्यामभक्त गोपी ने सभी श्रद्धालुओं की ओर से बाबा से विशेष प्रार्थना कर जयकारे लगवाए।

प्रीति फन ग्रुप ने होली की धूम मचाई

सीकर (निसं)। होली के पावन पर्व पर शहर की महिलाओं ने जमकर धमाल मचाई महिलाओं की टोली ने निजी होटल में फूलों की होली खेलते हुए फागुनी रंग में जमकर नृत्य किया होली से सरोवर कार्यक्रम में जहां महिलाओं ने फागुनी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए वही कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जिसमें सभी महिलाओं ने सहभागिता निभाई प्रीति फन ग्रुप की प्रीति गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की महिलाओं ने शिरकत करते हुए होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर ग्रुप की प्रीति गोयल अनीता मोर रीना कटारिया श्वेता केजरीवाल हिंदू मित्तल विनीत जोशी सरिता मित्तल रजनी गोयल प्रेम शाह सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थिति रही।

मनोज महावर मैन बाजार घींदड परिषद के अध्यक्ष बने

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में सोमवार देर रात्रि को मैन बाजार में 5 दिवसीय घींदड नृत्य को लेकर मैन बाजार घींदड परिषद की बैठक भंवरलाल गोला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पिछले कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मनोज महावर को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसमें उपस्थित जनों की सहमति से नवनियुक्त अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष के लिए दीनदयाल स्वामी , किशन मारू, विजय कुमार कड़वासरा, श्यामसुंदर पारीक, विमल दुगड, कोषाध्यक्ष मूलचंद सोनी को नियुक्त किया गया। वहीं संरक्षक भंवरलाल गोला, पवन झेंडू को बनाया गया। 5 दिवसीय घींदड नृत्य को लेकर टेंट, माइक, मिट्टी सहित अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस मौके पर अनेकों संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमे

चूरू (निसं)। स्थानीय सुभाष चौक के पास स्थित पिथीसरिया हवेली में सोमवार रात्रि को बाबा श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया गया। सुनील पिथीसरिया ने बताया कि शिवशंकर पिथीसरिया ने बाबा की ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कोलकाता के गायक कलाकार बिट्टू सिंह राजपूत ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी, जिस पर उपस्थित श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। इस अवसर पर सुरेंद्र, संजय, संदीप पिथिसरिया सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। सुनील पिथिसरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

महिला दिवस पर प्रतियोगिताएं 8 मार्च को

रतनगढ़ (निसं)। श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति की महिला मंडल की बैठक श्री परशुराम अतिथि भवन में अध्यक्ष यशोदा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सर्व विप्र समाज की महिलाओं के लिए एकल गायन, राजस्थानी वेशभूषा, नृत्य, धार्मिक प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया।अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं में जागृति, आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण के लिए आवश्यक हैं।

फागोत्सव 28 फरवरी को

सीकर (निसं)। स्टेशन रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर (मारू मन्दिर) में फागोत्सव का आयोजन शनिवार 28 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे से किया जायेगा। मन्दिर के पुजारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर परिसर में फागोत्सव (फूलों की होली) का आयोजन किया जायेगा जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन के साथ फूलों की होली मनाई जायेगी एवं इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया

चूरू (निसं)। रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की ओर से मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया।

इस दौरान संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक, सहायक निदेशक वर्षा जानू, आईटीआई उपनिदेशक नेहा सैनी, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, सहायक निदेशक गौरव, एलडीएम राहुल गोले, सुपरवाइजर कृष्णा, आरएसएलडीसी जिला कौशल समन्वयक विवेक, जितेन्द्र व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार अपनाने का आ ान किया। शिविर में शामिल नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी गई। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने युवा उद्यिमता को बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार की डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्रा युवा स्वरोजगार योजना, ऑडीओपी पॉलिसी व एमएसएमई पॉलिसी आदि योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी।

शिविर में 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया।

रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि प्लेसमेंट शिविर में सीआईआई, एमसीसी, यूनाइटेड इंश्योरेंस, पैसिफिक एनर्जी, पुखराज हेल्थ, एनएसएसएस सिक्योरिटी, प्रथम एजुकेशन, अंबुजा फाउण्डेशन इत्यादि कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया।

रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में लगभग 370 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला उद्योग केंद्र, अनुजा निगम, राजकीय आईटीआई व महिला अधिकारिता विभाग द्वारा स्वरोजगार एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी, सूचना सहायक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनीषा राठौड़ व स्वयंसेवक जितेन्द्र ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अनुदेशक रवि व वरिष्ठ सहायक संदीप न्यौल ने किया।

फागोत्सव एक मार्च को, फोल्डर का विमोचन किया

राजलदेसर (निसं)। कस्बे की श्री नाथ नगर गौशाला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मार्च को स्वर्गीय करणसिंह विनायक की स्मृति में 1 मार्च को फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्री नाथ नगर गौशाला प्रांगण में फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, कार्यकारी अध्यक्ष पवन झेडू, मंत्री गोरखाराम पांडे, शंकरलाल खडोलिया, प्रमोद नाई राजकुमार विनायक ,पवन बोथरा, लालचंद पांडे, टोनु पांडे, पूनमचंद गर्ग , सांवरमल सुथार के द्वारा फोल्डर का विमोचन किया गया। जिसमें 1 मार्च को होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मानशी पंवार की शानदार प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा डेरु नृत्य, चंग नृत्य, गीदड, राजस्थानी घूमर , धरती धोरा री, कस्बे की बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुति, सहित अनेकों बाहर कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

चिड़ीमार पहाड़ पर अवैध खनन और रॉयल्टी घोटाले का बड़ा खुलासा

■ गलत कोड से लाखों की राजस्व हानि का आरोप

पाटन (निसं)। सीकर जिले की पाटन तहसील के ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा तथा हरियाणा के पाचनौता व बांयल क्षेत्र से लगे चिड़ीमार पहाड़ पर अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र में संचालित लगभग 25 ग्राइंडिंग मिल्स पर खनिज की खरीद-फरोख्त में गलत कोड दर्शाकर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के आरोप लगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, संबंधित मिल्स दस्तावेजों में पत्थर और रोड़ी को कोड 2516 के अंतर्गत दिखा रही हैं, जिस पर रॉयल्टी दर मात्र 61 रुपये प्रति टन है। जबकि स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि पहाड़ से निकाला जा रहा खनिज सामान्य पत्थर नहीं, बल्कि औद्योगिक उपयोग में आने वाला कीमती जेड क्वाट्र्ज का दाना है। यह खनिज कोड 2510 की श्रेणी में आता है, जिस पर लगभग 162 रुपये प्रति टन रॉयल्टी निर्धारित है।कम रॉयल्टी दर वाले कोड का उपयोग कर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला करोड़ों रुपये तक के नुकसान से जुड़ा हो सकता है।

बताया जा रहा है कि खनन और परिवहन गतिविधियां राजस्थान और हरियाणा की सीमा से लगे चिडीमार पहाड़ क्षेत्र से संचालित हो रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहाड की ऊंची चोटियों पर अवैध खनन के स्पष्ट निशान देखे जा सकते हैं। लगातार हो रही कटाई से पहाड़ का स्वरूप बदलता जा रहा है। क्षेत्र में उड़ती धूल, भारी वाहनों की आवाजाही और मशीनों के शोर से आसपास के गांवों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। सबसे गंभीर आरोप खनन विभाग और प्रशासनिक तंत्र की कथित मिलीभगत को लेकर लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से चल रही इन गतिविधियों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई का अभाव कई सवाल खडे करता है।

अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी की शिकायतों के बाद भी यदि सख्त कदम नहीं उठाए जाते हैं, तो यह शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न होगा। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि राजस्व हानि रोकी जा सके और क्षेत्र के पर्यावरण को बचाया जा सके।

ग्राम पंचायत सीहोट बड़ी में नारी चौपाल का आयोजन

■ महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया

सीकर, (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत ब्लॉक धोद की ग्राम पंचायत सीहोट बड़ी में ग्राम पंचायत स्तरीय नारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सीहोट बडी की ग्रामसाथिन चाँद कंवर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता विभाग ब्लॉक धोद सुनीता चौधरी ने नारी चौपाल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मंच के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है।

उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वरोजगार से जुडी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

महिलाओं ने नारी चौपाल में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

महिला अधिकारिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार की नारी चौपाल का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जिससे महिलाओं में जागरूकता बढ़े एवं वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में उमड़ रही भीड़

सीकर (निसं)। सीकर जिले के विश्वप्रसिद्ध खाटूश्यामजी फाल्गुनी लक्खी मेले में उमड़ रही अपार भीड़ के बीच राजस्थान पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी श्रद्धालु, विशेषकर दिव्यांगजन, अपने आराध्य के दर्शन से वंचित न रहे। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की मंशाओं के अनुरूप मेले में दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं।

सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पार्किंग स्थल पर पहुंचने वाले दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए पुलिस द्वारा विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। यह वाहन उन्हें सीधे दर्शन केंद्र तक पहुंचाता है। वहां व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर पुलिसकर्मी स्वयं उन्हें सम्मानपूर्वक और सुरक्षित तरीके से बाबा श्याम के दर्शन करवाते हैं। पिछले चार दिनों में दर्जनों श्रद्धालुओं को इस प्रकार की सेवाएं दी गयी है।

एसपी नूनावत ने कहा कि खाटूश्यामजी के धाम आने वाला हर श्रद्धालु हमारे लिए परिवार का सदस्य है। विशेष रूप से दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि श्रद्धा का विषय है। राजस्थान पुलिस का प्रयास है कि आस्था के इस महापर्व में किसी को भी असहाय महसूस न होने दिया जाए। उनके अनुसार, मेले की विशालता को देखते हुए पुलिस बल को संवेदनशील व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं, ताकि व्यवस्था के साथ-साथ आत्मीयता भी बनी रहे।

सहायता केंद्रों से मिल रहा है त्वरित मार्गदर्शनः- पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव ने बताया कि मेले क्षेत्र में थोडी-थोडी दूरी पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को मार्ग की जानकारी सहजता से मिल सके। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर श्रद्धालु निकटतम सहायता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं, जहां पुलिसकर्मी तत्परता से मदद प्रदान कर रहे हैं।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

■ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों व लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर द्वेषपूर्ण शिकायत कर्ताओं के विरोध में ज्ञापन दिया

बीदासर (निस)कस्बे के वार्ड नंबर 19 स्थित शिव-शक्ति मंदिर में सुबह-सांय की आरती व भंजन कीर्तन धार्मिक कार्यक्रमों में लाउड स्पीकर के उपयोग और कुछ लोगों द्वारा की जा रही द्वेष पूर्ण शिकायतकर्ताओं के विरोध में मोहल्लेवासियों ने मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में पांच दर्जन से अधिक वार्डवासियों ने जमकर विरोध करते हुए उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए आक्रोश प्रकट किया तथा उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा।

विहिप व मोहल्लेवासियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिव-शक्ति मंदिर में समय-समय पर सत्संग, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों के अंतर्गत किया जाता है। आयोजकों का कहना है कि वे लाउड स्पीकर का उपयोग केवल सीमित समय के लिए करते हैं और रात्रि 10 बजे के बाद इसका उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है। मोहल्लेवासियों ने कहां कि ध्वनि प्रदूषण नियमों का वे पूर्ण पालन करने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन आवश्यक है, लेकिन कानूनी सीमाओं के भीतर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना अनुचित है।

एसडीएम को सौंपे गए पत्र में आरोप लगाया गया है, कि केवल एक या दो व्यक्तियों द्वारा द्वेष पूर्ण और दुर्भावनापूर्ण शिकायतें की जा रही हैं, जिससे धार्मिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस वजह से पुलिस का बार-बार आना और आयोजकों को कार्यक्रम रोकने के लिए बाध्य करने जैसी परिस्थितियों से क्षेत्र में अनावश्यक तनाव और अशांति का वातावरण बन रहा है। वार्डवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से निर्धारित समयावधि एवं कानूनी ध्वनि सीमा के भीतर लाउड स्पीकर उपयोग की स्पष्ट अनुमति प्रदान करने, द्वेष पूर्ण शिकायतें करने वालों के विरुद्ध विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट मनसुख प्रजापत, भंवरसिंह राठौड, केशर सिंह चैहान, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, जीतू मोयल, सुरेंद्र सिंह, गणपत राम, बाबूलाल, रतनलाल, मंछाराम, सुरेश कुमार, लालाराम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी व महिलाएं उपस्थित थी।

'गाय एक चलता फिरता मंदिर हैं, इसमें हमारी संस्कृति जुड़ी हैं'

चूरू (निसं)। जिले के सरदारशहर तहसील के गांव हरपालसर में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को भोले बाबा ने कहा कि गाय में हमारी संस्कृति का वास हैं। इसके कारण ही आज हम यहां बैठे कथा सुन रहे हैं। इस गाय के कारण ही हमारे जनपद के लोक देवता भी पूजे जाते हैं।

गाय एक चलता फिरता मंदिर है और इसमें हमारी संस्कृति जुड़ी हुई हैं। दुर्भाग्य तो इस बात का है कि आज गाय की हत्या हो रही है। यह देश महान होने के बावजूद दो बड़े कलंक नहीं मिटा पाया हैं। इसमें पहला गौ हत्या व दूसरा भ्रुण हत्या हैं। इन दोनों पर सख्ती से लगाम लगाने की आवश्यकता हैं। कथा का आयोजन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ की सहभागिता से किया जा रहा हैं।

कथा वाचक बाल संत भोले बाबा ने मंगलवार को सती चरित्र व धुरव चरित्र की कथा सुनायी। कथा में राठौड़ ने कहा कि भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हमें धर्म, आस्था, संयम और संस्कारों का संदेश देती हैं। ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यां की स्थापना के साथ नयी पीढी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं।

धांधेला बाईपास पर 8 हैक्टेयर भूमि से वन विभाग ने अतिक्रमण हटाया, कार्रवाई पर उठे सवाल

नीमकाथाना (निसं)। धांधेला-रायपुर बाईपास रोड पर वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 7 से 8 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई एसीएफ अनीता कुमारी के नेतृत्व में की गई। विभाग का दावा है कि संबंधित भूमि वन विभाग की है और यहां नर्सरी विकसित की जाएगी।

जानकारी के अनुसार धांधेला निवासी बुधराम सैनी पिछले कई वर्षों से उक्त भूमि पर काबिज था। कार्रवाई के दौरान जेसीबी की सहायता से जमीन पर बने मकान को ध्वस्त कर खाई खुदवाई गई। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित पक्ष ने वन विभाग पर जबरन अतिक्रमण हटाने और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है।राजेंद्र सैनी ने बताया कि मामले को लेकर उन्होंने एसीएम न्यायालय नीमकाथाना में गुहार लगाई थी, जिस पर न्यायालय द्वारा विभागीय अधिकारियों को सम्मन जारी कर उपस्थित होने के आदेश दिए गए थे। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए और नोटिस की अनदेखी करते हुए कार्रवाई कर दी गई।

राजेंद्र सैनी ने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान टीम में शामिल एक ठेकेदार ने उनके परिजनों के साथ मारपीट की तथा उनके दादा के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की की।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई और परिवार का अपमान किया गया।वहीं क्षेत्रीय वन अधिकारी मुकेश मूड ने स्पष्ट किया कि कार्रवाई एसीएफ अनीता कुमारी के नेतृत्व में विधिवत की गई है। उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर खाई खुदवाई गई है वह वन विभाग की है। साथ ही जिन अन्य लोगों को भूमि आवंटित की गई है और जिन्होंने नामांतरण भी करा लिया है, उनके नामांतरण 14 ए की कार्रवाई के बाद निरस्त कराए जाएंगे। विभाग द्वारा उक्त भूमि पर नर्सरी विकसित करने की योजना है। इस दौरान फोरेस्टर रत्तीराम, राम किशोर, लीलाधर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और दोनों पक्ष अपने-अपने दावों पर कायम हैं।

सार-समाचार

आथूणा बास में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव मनाया

सरदारशहर (निसं)। होली के रंग, सांवरे के संग" के भक्तिमय जयघोष के साथ आथूणा बास स्थित श्री श्याम मन्दिर में 54वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन गोविन्दराम प्रजापत, नवरत्न कांटा, श्यामलाल और कार्तिक जांगिड़ द्वारा बाबा श्याम का दुग्ध से भव्य अभिषेक किया गया। उत्सव के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध पंडित पंकज दाधिच द्वारा "नानी बाई का मायरा" का वाचन किया गया। पंडित जी ने अपनी मधुर वाणी में भक्त नरसी मेहता के बाल्यावस्था से लेकर उनके सम्पूर्ण जीवन चरित्र का वर्णन किया। संगीत की लहरों के बीच जब नानी बाई के जन्म से लेकर उनकी शादी और हुंडी लिखालायों सेठ जी के हाथ जैसे प्रसंगों का सजीव चित्रण हुआ, तो पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मंदिर के पुजारी श्यामसुन्दर नवहाल, समिति के अध्यक्ष गोविन्दराम प्रजापत, भगवतिप्रसाद लखोटिया, अशोक पेड़िवाल, लालबहादुर सेवदा और कन्हैयालाल पांडिया द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया। आयोजन समिति ने पंडित पंकज दाधिच और उनके साथ आए कलाकारों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस भक्ति संध्या में श्यामसुन्दर सेवदा, छगनलाल तोषनीवाल, शुभकरण सोनी, मदन चौहान, बाबूलाल सैनी, गिरधारीलाल प्रजापत, दिनदयाल सेवदा, रामेश्वरलाल प्रजापत और पंकज नवहाल सहित बडी संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। बीकानेर में नाबालिग की हत्या मामले में दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर मंगलवार को सैन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बीकानेर में एक नाबालिग की रेप कर हत्या मामले में मंगलवार को समाज के लोगों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में सेन समाज ने सभी दोषियों को फांसी देने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर त्वरित निस्तारण की मांग की। सैन समाज के राजेश रक्षक ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। समाज की मांग है कि प्रकरण में शामिल सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कडी से कडी सजा दी जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच पूरी कर जल्द से जल्द चार्जशीट कोर्ट में पेश करने का आग्रह किया, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके।

शक्ति दिवस मनाया

सीकर, (निसं)। अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस पर बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री महिलाओं व अन्य लोगों को अनीमिया से मुक्त रखने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है।

आम सूचना समस्त सर्